22 Apr, 2013

दैनिक सवेरा

सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व पर परिचर्चा का आयोजन

विविध सूचनाओं के प्रबंधन की कला को सीखने की आवश्यकता पर दिया बल

शिमला, 21 अप्रैल (सत्यदेव) : पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के शिमला चैप्टर ने राष्ट्रीय जन सम्पर्क दिवस के अवसर पर शिमला के बचत भवन में 'सोशल मीडिया का बढ़ता महत्व जन सम्पर्क की भूमिका' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया। पी.आर.एस.आई. जन सम्पर्क दिवस के अवसर पर हर वर्ष देश भर में परिचर्चाओं का आयोजन करती है। परिचर्चा की अध्यक्षता पत्रकार पी. सी. लोहमी ने की। दि ट्रिब्यून के एसोशिएट एडिटर दिनेश कुमार ने मुख्य भाषण प्रस्तुत किया, जबकि पत्रकार रवींद्र मखैक ने भी इस विषय पर विस्तारपूर्वक विचार रखे। लोहमी ने कहा कि सोशल मीडिया एक क्रांति बनकर उभरा है जिसके सकारात्मक के साथ-साथ नकारात्मक पहलु भी हैं और मीडिया और जन सम्पर्क व्यवसायियों, दोनों के लिए सोशल मीडिया बराबर का महत्व रखता है और इसका बेहतरीन उपयोग सुनिश्चित बनाने के लिए नियमित, ऊचित और सही सूचना के सम्प्रेषण पर ध्यान देना होगा। दिनेश कुमार ने सोशल मीडिया के माध्यम से सृजित हो रही व्यापक एवं विविध सूचनाओं के प्रबंधन की कला को सीखने की आवश्यकता पर बल दिया। कुमार ने कहा कि हालांकि आज अत्याधिक सूचना का सम्प्रेषण हो रहा है लेकिन इसमें ज्ञान की अधिकता नहीं है। इसलिए यह जरूरी है कि मीडिया शोध और सूचना के अन्वेषण पर अधिक ध्यान दे ताकि लोगों के समक्ष वास्तविक और तथ्यों पर आधारित जानकारी प्रस्तुत की जा सके। पत्रकार रवींद्र मखैक ने सोशल मीडिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीक के माध्यम से आम आदमी भी समाचार और सूचना के एकत्रीकरण के लिए सशक्त बना है। परिचर्चा में मीडिया कर्मियों व जनसम्पर्क व्यवसायियों और पी.आर.एस.आई. के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

C M Y K